# बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

विज्ञप्ति संख्या–पी.आर. 107/2022

## प्रारम्भिक शिक्षा में डिप्लोमा (डी०एल०एड०) पाठ्यक्रम के सत्र 2022–2024 में नामांकन हेतु डी०एल०एड० संयुक्त प्रवेश परीक्षा, 2022 में सम्मिलित होने वाले छात्र/छात्रा/अभिभावक के लिए आवश्यक सूचना

एतद् द्वारा प्रारम्भिक शिक्षा में डिप्लोमा (डी०एल०एड०) पाठ्यक्रम में नामांकन हेतु शिक्षा विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–12/विविध–11/2016 (अंश)–227 दिनांक 20.04.2022 के आलोक में सत्र 2022–2024 में डी०एल०एड० संयुक्त प्रवेश परीक्षा, 2022 में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थी/अभिभावक एवं सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं सभी संबंधितों को सूचित किया जाता है कि डी०एल०एड० संयुक्त प्रवेश परीक्षा, 2022 द्वारा राज्य में NCTE द्वारा मान्यता प्राप्त एवं बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा सम्बद्धता प्रदत्त सरकारी एवं निजी प्राथमिक स्तरीय शिक्षक प्रशिक्षण संस्थानों में कुल स्वीकृत सीटों के विरूद्ध योग्य अभ्यर्थियों के चयन हेतु ऑनलाईन (online) माध्यम से **दिनांक 27.06.2022 से 17.07.2022** तक आवेदन आमंत्रित किया जाता है। **सभी अभ्यर्थियों के परीक्षोपरांत प्राप्तांक के आधार पर कोटिवार मेधा सूची तैयार की जायेगी। उक्त मेधा सूची के आधार पर ही संस्थान का आवंटन अभ्यर्थियों के नामांकन के लिए किया जायेगा। इसके लिए अलग से सूचना प्रकाशित की जायेगी।**

1. **प्रशिक्षण संस्थानों में नामांकन हेतु शैक्षणिक योग्यता–**

**(i)** उच्च माध्यमिक (+2) अथवा उसके समकक्ष परीक्षा में कम से कम 50% अंक से उत्तीर्ण हों।

**(ii)** अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं दिव्यांग कोटि के अभ्यर्थियों के लिए न्यूनतम निर्धारित अंकों में 5% की छूट होगी।

2. **उम्र सीमा (Age Limit)–**

अभ्यर्थी की न्यूनतम उम्र सीमा 01 जनवरी, 2022 को 17 वर्ष (सभी कोटि के लिए) होगी।

3. **उर्ध्वाधर आरक्षण (Vertical Reservation)–**

डी०एल०एड० (द्विवर्षीय पाठ्यक्रम में) प्रवेश में अनुसूचित जाति (SC), अनुसूचित जनजाति (ST), पिछड़ा वर्ग (BC), अत्यन्त पिछड़ा वर्ग (EBC), पिछड़े वर्ग की महिलाओं (WBC) एवं आर्थिक रूप से पिछड़े सामान्य कोटि के अभ्यर्थियों (EWS) के पक्ष में क्रमशः 16 प्रतिशत, 01 प्रतिशत, 12 प्रतिशत, 18 प्रतिशत, 3 प्रतिशत एवं 10 प्रतिशत की सीमा तक आरक्षण बिहार सरकार की अधिसूचना/शासनादेश के अनुसार देय होगा।

4. **क्षैतिज आरक्षण (Horizontal Reservation)–**

**(i)** राज्य सरकार के नियमानुसार कुल स्वीकृत सीटों में से दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिए पाँच प्रतिशत (5%) स्वतंत्रता सेनानी के नाती/नतिनी/पोता/पोती के अभ्यर्थियों को दो प्रतिशत (2%), बिहार राज्य के निवासी सेवारत/सेवानिवृत/दिवंगत/भूतपूर्व सैनिक कर्मचारी के आश्रित पुत्र/आश्रित अविवाहित पुत्री को पाँच प्रतिशत (5%) क्षैतिज आरक्षण देय होगा।

**(ii)** उर्दू विषय के अभ्यर्थियों के लिए दस प्रतिशत (10%) स्थान आरक्षित होगा। क्षैतिज आरक्षण के रूप में यह आरक्षण लागू होगा, परंतु यह आरक्षण लाभ उन्हीं अभ्यर्थियों को मिलेगा जिन्होंने +2 स्तर की परीक्षा में उत्तीर्णता उर्दू विषय के साथ हासिल की है।

**(iii)** कुल सीट का पचास प्रतिशत (50%) विज्ञान तथा पचास प्रतिशत (50%) कला/वाणिज्य अभ्यर्थियों के लिए आरक्षित होगा।

5. **आवेदन करने की तिथि–**

उक्त परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु केवल निर्धारित अहर्ता रखने वाले अभ्यर्थियों से सिर्फ ऑनलाईन के माध्यम से ऑनलाईन परीक्षा आवेदन–पत्र **दिनांक 27.06.2022 से 17.07.2022 तक एवं परीक्षा शुल्क दिनांक 27.06.2022 से 19.07.2022** तक स्वीकार किये जायेंगे।

6. **प्रवेश परीक्षा (Entrance Test)–**

प्रवेश परीक्षा ऑनलाईन माध्यम से 150 प्रश्नों की होगी जो वस्तुनिष्ठ एवं बहुवैकल्पिक होगा।

7. **नार्मलाइजेशन (Normalization)–**

ऑनलाईन विधि से आयोजित की जाने वाली उन प्रतियोगिता परीक्षाओं को जिनमें अभ्यर्थियों की संख्या ज्यादा होने के कारण, एक से अधिक पालियों (Sitting)/तिथियों (Dated) में आयोजित किया जाता है, उनमें सामान्यतया अलग–अलग पालियों में प्रश्न पत्रों के अलग–अलग कठिनाई स्तर होने के कारण इन परीक्षाओं का परीक्षाफल तैयार करने के पूर्व Normalization की विधि अपनाई जाती है, ताकि किसी विशेष पाली के अभ्यर्थियों को कोई खास लाभ या हानि नहीं हो। इसलिए इस परीक्षा में भी Normalization विधि अपनाकर परीक्षाफल प्रकाशित किया जायेगा।

8. **परीक्षा शुल्क (Examination Fee)–**

| श्रेणी | आवेदन शुल्क |
|---|---|
| सामान्य वर्ग / आर्थिक रूप से कमजोर सामान्य वर्ग / पिछड़ा वर्ग / अत्यन्त पिछड़ा वर्ग | 960/– रू० |
| अनुसूचित जाति/अनु0जनजाति/दिव्यांग | 760/– रू० |

9. **प्रवेश परीक्षा की अवधि–**

ऑनलाईन विधि से आयोजित प्रवेश परीक्षा की अवधि 150 मिनट (2:30 घंटा) की होगी।

10. **डी०एल०एड० संयुक्त प्रवेश परीक्षा पाठ्यक्रम, प्रश्नों की संख्या एवं निर्धारित अंक–**

| विषय | प्रश्नों की संख्या | निर्धारित अंक |
|---|---|---|
| सामान्य हिन्दी (General Hindi)/उर्दू (Urdu) | 30 | 90 |
| गणित (Mathematics) | 30 | 90 |
| विज्ञान (Science) | 20 | 60 |
| सामाजिक अध्ययन (Social Studies) | 20 | 60 |
| सामान्य अंग्रेजी (General English) | 25 | 75 |
| तार्किक एवं विश्लेषणात्मक क्षमता (Logical & Analytical Reasoning) | 25 | 75 |
| कुल | 150 | 450 |

प्रत्येक सही उत्तर के लिए तीन अंक दिये जायेंगे, जबकि प्रत्येक एक गलत उत्तर के लिए एक अंक काट लिए जायेंगे।

11. **ऑनलाईन परीक्षा आवेदन पत्र भरने की विधि–**

डी0एल0एड0 संयुक्त प्रवेश परीक्षा, 2022 में सम्मिलित होने हेतु सभी अभ्यर्थियों को बिहार विद्यालय परीक्षा समिति की वेबसाईट **http://secondary.biharboardonline.com** अथवा **http://biharboardonline.bihar.gov.in** पर जाकर **D.El.Ed Joint Entrance Test, 2022** पर क्लिक करना होगा। क्लिक करने पर डी0एल0एड0 संयुक्त प्रवेश परीक्षा, 2022 का लिंक खुलेगा। ऑनलाईन आवेदन भरने के पूर्व आवेदक सुनिश्चित हों लें कि उनके पास उनका अपना कार्यरत ई–मेल आई0 डी0 तथा मोबाईल नम्बर मौजूद है। अभ्यर्थी अपना ई–मेल आई0डी0 एवं मोबाईल नम्बर अन्तिम परीक्षाफल प्रकाशित होने तक सुरक्षित रखेंगे।

- परीक्षा आवेदन–पत्र समिति की वेबसाईट पर भरने का तरीका निम्नवत् है:–

**(i)** वेबसाईट **http://secondary.biharboardonline.com** एवं **http://biharboardonline.bihar.gov.in** पर आवेदन की प्रक्रिया दो चरण में पूर्ण होगी। (i) पंजीकरण, (ii) फॉर्म भरना।

**(ii) पंजीकरण**–प्रथम बार में अभ्यर्थी "Register (New Candidate)" पर क्लिक करें। तत्पश्चात् Initial Registration का पेज खुलेगा। रजिस्ट्रेशन पेज पर आवेदक अपनी संबंधित सूचनाऐं भरेंगे एवं submit बटन पर क्लिक करेंगे। आवेदक द्वारा "Submit and Continue" बटन पर क्लिक करने से पहले भरे गये सभी विवरणों की जांच सावधानीपूर्वक करनी होगी, क्योंकि इसके बाद के चरण में आवेदन में परिवर्तन करने की अनुमति नहीं होगी। Submit करने के पश्चात आवेदक को उसके पंजीकृत मोबाईल पर SMS के माध्यम से एवं पंजीकृत ई–मेल आई0डी0 पर आवेदन संख्या (यूजर आई0डी0) एवं पासवर्ड भेजा जायेगा, जिसका उपयोग करते हुए ऑनलाईन आवेदन भरने के लिए आवेदक आगे Log in कर सकेंगे।

**(iii) फॉर्म भरना**– आवेदक के मोबाईल एवं ई–मेल पर उपलब्ध कराये गये आवेदन संख्या एवं पासवर्ड के सहयोग से पोर्टल के मुख्य पेज पर Login करने पर आवेदन–पत्र का पेज खुलेगा। आवेदन प्रपत्र में कुछ बॉक्स पूर्व से भरे होंगे, जिसे आवेदक द्वारा रजिस्ट्रेशन के समय भरा गया है। उस पेज पर अभ्यर्थी अपना व्यक्तिगत एवं शैक्षणिक विवरण भरेंगे।

**(iv) अपलोड रंगीन फोटोग्राफ एवं हस्ताक्षर** : अभ्यर्थी के फोटोग्राफ का स्कैन किया हुआ साइज 100 kb से 150 kb तक एवं आयाम 3.5 cm×4.5 cm होना चाहिए एवं हस्ताक्षर का स्कैन किया हुआ साईज 50 kb से 100 kb तक होना चाहिए।

**(v)** रंगीन फोटोग्राफ हाल (Recent) का होना चाहिए एवं फोटोग्राफ का Background सफेद अथवा हल्के रंग का होना चाहिए एवं कैमरे के सामने का खींचा हुआ होना चाहिए फोटोग्राफ में अभ्यर्थी की आँखें एवं चेहरा स्पष्ट रूप से दिखना चाहिए।

**(vi)** फोटो खींचवाने के समय सिर पर टोपी या कोई कपड़ा तथा काला चश्मा स्वीकार्य नहीं है।

12. **प्रमाण पत्रों को अपलोड करना–**

**a)** मैट्रिक (10th) का प्रमाण पत्र एवं अंक पत्र (जन्म तिथि के लिए)।

**b)** इंटर (12th) का प्रमाण पत्र एवं अंक पत्र।

**c)** अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन जाति के उम्मीदवारों के लिए जाति प्रमाण पत्र

**d)** अत्यंत पिछड़ा वर्ग/ पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों के लिए क्रीमिलेयर रहित अद्यतन प्रमाण पत्र (आरक्षण का दावा करनेवाली विवाहित महिलाओं की जाति/अद्यतन क्रीमिलेयर रहित प्रमाण पत्र उनके पिता के नाम एवं पता से निर्गत होना चाहिए न कि उनके पति के नाम से)

**e)** दिव्यांगता का दावा करने की स्थिति में विहित प्रपत्र में सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्गत तत्संबंधी प्रमाण पत्र।

**f)** स्वतंत्रता सेनानी के पोता/पोती/नाती/नतीनि का दावा करने वाले अभ्यर्थियों के लिए जिला पदाधिकारी या उनके द्वारा प्राधिकृत पदाधिकारी के हस्ताक्षर से निर्गत प्रमाण–पत्र।

**g)** आर्थिक रूप से पिछड़ा सामान्य कोटि के अभ्यर्थी (EWS) का दावा करनेवाले आवेदक बिहार सरकार के अधिसूचना संख्या 2622 दिनांक 26.02.2019 के आलोक में सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्गत प्रमाण–पत्र।

**h)** भूतपूर्व सैनिक कर्मचारी के लिए आरक्षित स्थान का लाभ लेने के लिए भूतपूर्व सैनिक होने का प्रमाण पत्र।

**i) अभ्यर्थी भुगतान करने के पूर्व VIEW बटन को CLICK कर अपने द्वारा भरे गये ऑनलाईन परीक्षा आवेदन पत्र को पुनः जांच कर लें। यदि ऑनलाईन भरे गये आवदेन पत्र में कोई त्रुटि हो तो EDIT बटन को CLICK कर अपना वांछित विवरण सुधार करते हुए अपने आवेदन को सुरक्षित करने के लिए SAVE बटन पर क्लिक करें। तत्पश्चात् Make Payment बटन पर CLICK कर भुगतान करना सुनिश्चित करेंगे।**

13. **परीक्षा शुल्क का भुगतान**– परीक्षा शुल्क की राशि Debit Card/Credit Card/Net Banking के माध्यम से भुगतान करने की अनुमति होगी। इसके अलावे अन्य कोई माध्यम से परीक्षा शुल्क का भुगतान स्वीकार नहीं होगा।

14. अभ्यर्थी का यूजर आई0डी0 एवं पासवर्ड को अभ्यर्थी भविष्य के लिए सुरक्षित रख लेंगे एवं इसकी गोपनीयता बनाये रखेंगे। इस यूजर आई०डी० एवं पासवर्ड को समिति कार्यालय में कदापि न भेजे।

15. **सभी अभ्यर्थी को निदेश दिया जाता है कि आवेदन जमा करने एवं परीक्षा शुल्क भुगतान करने के बाद एक बार पुनः अपने यूजर आई०डी० एवं पासवर्ड के माध्यम से अपने ऑनलाइन परीक्षा आवेदन पत्र में त्रुटिपूर्ण विवरण को ऑनलाईन परीक्षा आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि तक समिति की वेबसाईट http://secondary.biharboardonline.com** अथवा **http://biharboardonline.bihar.gov.in** पर जाकर **D.El.Ed Joint Entrance Test, 2022 पर Click कर निश्चित रुप से सुधार कर लें।**

**नोटः–ऑनलाईन के अलावे किसी भी अन्य माध्यम से आवेदन–पत्र स्वीकार नहीं किया जायेगा।**

16. यह आवश्यक है कि Online परीक्षा आवेदन पत्र स्वयं के द्वारा भरा जाए। किसी आवेदक का अपूर्ण रूप से भरा हुआ या दूसरे के द्वारा भराया गया अथवा एक से अधिक आवेदन प्राप्त होने पर आवेदन पत्र अस्वीकृत/रद्द कर दिया जायेगा।

17. ऑनलाईन परीक्षा आवेदन पत्र में आवेदक द्वारा भरे गये विवरण गलत पाये जाने पर उनके आवेदन पत्र को अस्वीकृत करते हुए उनका परीक्षाफल रद्द कर दिया जायेगा।

18. घोषणा पत्र एवं आवेदन पत्र पर हस्ताक्षर के लिए अंग्रेजी के बड़े अक्षरों (CAPITAL LETTER) का प्रयोग वर्जित है।

19. आवेदन शुल्क जमा करने के पश्चात आवेदक अपने आवेदन फार्म की एक हार्ड कॉपी डाउनलोड करेंगे एवं सुरक्षित संधारित रखेंगे। भरे गये आवेदन में किसी प्रकार की जानकारी गलत पाये जाने पर उम्मीदवार की उम्मीदवारी निरस्त हो जायेगी।

20. इस परीक्षा से संबंधित किसी भी प्रकार की सूचना, सूचना के अधिकार अधिनियम–2005 के अंतर्गत परीक्षाफल प्रकाशन की तिथि से 30 दिनों तक ही प्राप्त किया जा सकेगा।

21. इस परीक्षा से संबंधित पृच्छा/जानकारी के लिए **हेल्पलाईन नम्बर–0612–2232074** पर सम्पर्क कर सकते हैं अथवा E-mail ID : **HELPDESKBSEB22@gmail.com** पर पृच्छा भेजी जा सकती है।

22. सभी अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि सभी तरह की अग्रेत्तर सूचनाओं के लिए वेबसाईट **http://secondary.biharboardonline.com** या **http://biharboardonline.bihar.gov.in का अवलोकन करते रहेंगे।**

23. **अन्तिम रूप से आवेदन पत्र जमा करने के उपरान्त डी0एल0एड0 संयुक्त प्रवेश परीक्षा से संबंधित किसी प्रकार की त्रुटि में सुधार हेतु दावा मान्य नहीं होगा।**

परीक्षा नियंत्रक (विविध)